भारत सरकार
Government of India
अंतरिक्ष विभाग
Department of Space
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
Indian Space Research Organisation
भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान
Indian Institute of Remote Sensing
देहरादून
Dehradun

सत्यमेव जयते

विज्ञापन सं.:भ.सु.सं.सं./का.एवं सा.प्रशा./स्था./भर्ती/11
Advt. No.: IIRS/P&GA/Estt./Rectt./

दिनांक:
Dated: 29/11/14

भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) की एक संघटक इकाई है, जो सुदूर संवेदन तथा भूसूचनाविज्ञान के क्षेत्र में क्षमता निर्माण व अनुसंधान को समर्पित है। अंतरिक्ष आधारित प्रौद्योगिकियों के उपयोग द्वारा भू-सागर-वायुमंडलीय अनुप्रयोगों के विकास तथा भू-पृष्ठीय एवं अधस्तलीय प्रक्रमणों को समझने हेतु संस्थान के पास बहुविषयी व समस्योन्मुखी अनुसंधान कार्यक्रम हैं, जो राष्ट्रीय विकास हेतु अंतरिक्ष आधारित सेवाओं के परिचालन/क्रियान्वयन के इसरो के समग्र लक्ष्य से परस्पर जुड़े हुए हैं।

Indian Institute of Remote Sensing (IIRS), a unit of Indian Space Research Organisation (ISRO), is a premier institute for capacity building and research in the field of **remote sensing and geoinformatics**. The Institute has a multi-disciplinary and problem oriented research agenda focusing on developing land-ocean-atmosphere applications and understanding Earth's surface and subsurface processes using primarily the space-based technologies. The research programmes are intricately linked to overall goal of ISRO towards operationalisation of space-based services for national development.

युवा एवं अभिप्रेरित अभ्यर्थियों से निम्नलिखित अनुसंधान परियोजनाओं के अंतर्गत कनिष्ठ अध्येता के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

Applications are invited from young and motivated candidates for the post of JRF under the following research projects:

(1) विविध समाश्रयण ऐल्गोरिथ्म/कलनविधि द्वारा आइ.सी.ई.एस. ग्लास फुटप्रिंट पर जैवभार आकलन हेतु बहुल संवेदकों द्वारा प्राचलों का इष्टतमीकरण।

Optimizing parameters from multiple sensors for biomass estimation at ICES at Glass footprint using different regression algorithms.

पदों की संख्या/No. of Post: 1 (एक/one)

अनिवार्य योग्यता/Essential Qualification: न्यूनतम 65% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में एम.एस.सी./एम.टेक. उपाधि/डिग्री (भौतिकी/सुदूर संवेदन/भूसूचनविज्ञान/कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग/वानिकी/पारिस्थितिकी/पर्यावरण विज्ञान)/First Class M. Sc./M/. Tech degree in Physics/ Remote Sensing / Geoinfomatics / Computer Science / Computer Applications / Forestry / Ecology / Environmental Sciences with 65% marks.

वांछनीय योग्यता /Desirable Qualification: प्रोग्रामिंग का ज्ञान, सुदूर संवेदन तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली आंकड़ा प्रबंधनसंचालन का अनुभव।//Programming knowledge, RS&GIS data handling.

(2) 'उत्तर पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में जलवायु विषमता हेतु सुदूर संवेदन, भू-प्रेक्षण तथा एकीकृत प्रतिरूपण आधारित पूर्व चेतावनी प्रणाली (ई॰डब्ल्यू॰एस॰)' नामक डी॰एम॰एस॰ (अ॰ व वि॰) परियोजना।

DMS (R&D) Project titled "Remote Sensing, ground observations and integrated modeling based Early Warning System (EWS) for climatic extremes of North West Himalayan region".

पदों की संख्या/No. of Post: 1 (एक/one)

अनिवार्य योग्यता: कृषि इंजीनीयरी /सिविल इंजीनीयरी /कंप्यूटर विज्ञान/इलेक्ट्रानिकी/सुदूर संवेदन/जियोमेटिक्स इंजीनीयरी में प्रौयोद्योगिकी निष्णात/एम॰टेक॰ अथवा जलविज्ञान/गणित/भौतिकी में से कम से कम दो विषयों के साथ स्नातक तथा भौतिकी/गणित/भूसूचनाविज्ञान में विज्ञान निष्णात/एम॰एस॰सी॰।

Essential Qualification: M. Tech. Agriculture Engineering / Civil Engineering / Computer Sciences / Electronics / Remote Sensing / Geomatics Engineering or M. Sc. in Physics / Mathematics/Geo-informatics with at least two subjects from Hydrology / Mathematics / Physics at Graduation level.

वांछनीय योग्यता: भारतीय/विदेशी मान्यता प्राप्त/प्रख्यात विश्वविद्यालय से जलविज्ञान में विशेषज्ञता के साथ जल संसाधन/सुदूर संवेदन/भू-सूचनविज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या डिप्लोमा तथा बाढ़, जैसी जलवायु विषमता हेतु पूर्व चेतावनी, सुदूर संवेदन द्वारा जल-मौसमवैज्ञानिक प्राचलों के स्वांगीकरण, जलवैज्ञानिक व मौसम प्रतिरूपों में कार्यानुभव तथा लिनक्स के ज्ञान के साथ कंप्यूटर प्रोग्रामन कौशल (सी++, मैटलैब, फायटोन, एम॰पी॰आइ॰, आइ॰डी॰एल॰) धारण करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

Desirable Qualification: Candidates with PG Degree or Diploma in Water Resources / in Remote Sensing / Geo-informatics with Hydrology as specialization from reputed university / institute in India / abroad, work experience in early warning of climatic extremes such as floods, assimilation of hydro-meteorological parameters from remote sensing, work experience with hydrological and weather models and computer programming skills (C++, Matlab, Phyton, MPI, IDL) with knowledge of Linux will be given preference.

आयु सीमा: आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को अभ्यर्थी की आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 5 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट दी जाएगी।

Age limit: The age limit is 30 years on the closing date of receipt of applications but relaxable for 5 years in case of SC/ST candidates and 3 years in case of OBC candidates.

अध्येतावृत्ति/फ़ेलोशिप व अवधि: जिन परियोजनाओं के लिए अनिवार्य योग्यता प्रौद्योगिकी निष्णात/एम॰टेक॰ निर्धारित की गई है और यदि कनिष्ठ अध्येता उक्त योग्यता को धारण करता है तो अध्येतावृत्ति के रूप में ₹18,000/- (अठारह हजार रुपये मात्र) प्रतिमाह दिया जाएगा, अन्यथा ₹16,000/-) सोलह हजार रुपये मात्र (प्रतिमाह ही देय होगा। प्रासंगिक अनुदान के रूप में प्रतिवर्ष ₹ 3,000/- दिया जाएगा। (तीन हजार रुपये मात्र) महँगाई भत्ता देय नहीं होगा। सरकार के नियमानुसार मकान किराया भत्ता देय होगा, जिसके लिए अध्येतावृत्ति की राशि को मूल वेतन माना जाएगा। केवल स्वयं हेतु अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना की सुविधा का लाभ लिया जा सकेगा। महँगाई भत्ता, नगरप्रतिकार भत्ता-, बोनस, छुट्टी यात्रा रियायत, सेवा लाभ-निवृत्ति-आदि देय नहीं होगा।

Fellowship & Duration: JRFs will be paid an amount of ₹ 18,000/- (₹ Eighteen Thousand Only) per month as fellowship in the Project where "Essential Qualification" is M. Tech. and candidate is having M. Tech. degree. Other JRFs will be paid ₹ 16,000/- (` Sixteen Thousand Only) per month. All JRFs will be paid contingent grant of ₹ 3,000/- (` Three Thousand only) per annum D.A. is not admissible. However, they will be eligible for H.R.A. as per the rules of Government. For this purpose, the fellowship amount will be taken as basic pay. JRFs will be allowed to avail the CHSS (Medical) facility for self only. DA, CCA, Bonus, LTC, retirement benefits, etc. are not admissible.

चयन प्रक्रिया: इस विज्ञापन में विनिर्दिष्ट योग्यता केवल न्यूनतम आवश्यकता है और पदों की केवल न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करने मात्र से ही कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का पात्र नहीं होगा। अनुभव, प्राप्तांक के आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाने के लिए अल्पसूचीकृत किया जाएगा

Selection process: The qualification prescribed in this advertisement is the minimum requirement and the same does not automatically make candidates eligible to be called for interview. Based on the experience and details of marks furnished by the applicants, the candidates will be short listed for interview.

सरकार ऐसा जनबल/श्रमबल बनाना चाहती है जो लिंग संतुलन का परिचायक हो। अतः महिला अभ्यर्थियों को हम बढ़-चढ़ कर आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करते हैं।
Government strives to have a workforce which reflect gender balance and women candidates are encouraged to apply.

आवेदन कैसे करें:

आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होंगे। भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान को आवेदन की हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है। आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था/फ़ारमैट/लिंक हमारी वैबसाइट www.iirs.gov.in पर दिनांक ..29/11/14...... से ......19/12/14..... तक उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन पंजीकरण करते समय अभ्यर्थियों को रंगीन फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, 10वीं, 12वीं, स्नातक अंतिम वर्ष, स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष, पी॰एच॰डी॰ उपाधि तथा जन्म तिथि प्रमाण पत्र (यदि 10वीं के अंकपत्र/प्रमाणपत्र में उपलब्ध नहीं है) की स्व-अनुप्रमाणित प्रतियों को अपलोड करना होगा।

How to apply:

Applications will be received **ONLINE ONLY.** No hard copy of application is required to be sent to IIRS. The application format for online registration is hosted on our website www.iirs.gov.in from 29/11/14 to 19/12/14 for registering the applications. Colour photographs, Signature, Self attested true copies of 10th, 12th, Graduation final year, PG final year, , Ph.D. degree, Date of Birth certificate if not mentioned in 10th marksheet shall be uploaded in the online application.

अन्य शर्तें/निर्देश/Other conditions/instructions:

1. अनिवार्य योग्यता की विनिर्दिष्ट परीक्षा में पास अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे। ऐसे अभ्यर्थी आवेदन न करें जिनके पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष का परीक्षा फल घोषित न हुआ हो।/Only passed candidates are eligible to apply. Students awating for final result need not to apply.
2. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अनुभव/जाति/जनजाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।/Experience, Caste/tribe certificate shall be produce at the time of interview otherwise the candidature of the candidate will be cancelled.

3. अन्य पछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को विशेष रूप से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें उनके समुन्नत वर्ग से बाहर होने की पुष्टि की गई हो। उक्त प्रमाण पत्र आवेदन के समय अद्यतन/विधिमान्य होना चाहिए।/Candidates belonging to OBC must submit a certificate specifically including the clause regarding exclusion from creamy layer which should be updated/valid at the time of submission of the application.
4. पदों की केवल गुणात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने मात्र से ही कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का पात्र नहीं होगा। एक विधिवत नियुक्त स्क्रीनिंग/छानबीन समिति आरंभ में आवेदनों की जांच करेगी तथा प्राप्त आवेदनों की संख्या के प्रतिरूप भरे जाने वाले पदों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए एक मानदंड तैयार करेगी जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाने के लिए अल्पसूचीकृत किया जाएगा।/Mere fulfillment of the qualitative requirements of the posts will not entail a candidate to be called for interview. A duly appointed screening committee will initially scrutinize the applications, evolve a criteria depending on the number of applications received *vis-à-vis* positions to be filled and make a shortlist of the candidates to be called for further interview.
5. अभ्यर्थी के विश्वविद्यालय के नियमानुसार सी॰जी॰पी॰ए॰ को अंक प्रतिशत में परिवर्तित किया जाएगा।/CGPA shall be converted into percentage of marks as per the candidates university norms.
6. जो अभ्यर्थी पहले से केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम/स्वायत्त निकाय या सरकार द्वारा सहायता प्राप्त अन्य संगठनों में नियोजित/कार्यरत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय नियोक्ता द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न कर पाने की दशा में अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।/Those who are already in employment under the Central Government/State Government/Public Sector Undertaking/Autonomous Body or any organizations which is aided by the Government, shall produce "No Objection Certificate" from the employer at the time of interview otherwise the candidature of the candidate will be cancelled.
7. केवल भारतीय राष्ट्रीय ही आवेदन कर सकते हैं।/Only Indian National needs to apply.
8. इस संदर्भ में किसी भी प्रकार के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। निदेशक, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान को यह अधिकार होगा कि यदि वे न चाहें तो उपरोक्त पदों को न भरने का निर्णय ले सकते हैं। किसी भी प्रकार के पक्षप्रचार/सिफ़ारिश को निरर्हता/अयोग्यता माना जाएगा।/No interim correspondence will be entertained. IIRS reserves the right not to fill the position, if it desires so. Canvassing in any form will be a disqualification.